अत्यावश्यक
ई–मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4987/पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

आनन्द शर्मा, मा०प्र०से०
निदेशक

सेवा में,

अध्यक्ष,
धार्मिक न्यास पर्षद,
पटना।

पटना, दिनांक: 08/4/2025

विषय :– पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति देने के संबंध में।

प्रसंग :– जिला पदाधिकारी, भागलपुर का पत्रांक–655 दिनांक–10.03.2025।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से जिला पदाधिकारी, भागलपुर द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति देने के संबंध में अनुरोध किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

क्र०सं०	जिला	प्रखंड	पंचायत	मौजा	खाता सं०	खेसरा सं०	रकवा ए०/डी०	जिला पदाधिकारी का पत्रांक/दिनांक
1.	भागलपुर	नाथनगर	नुरपुर	करैला	64	11	0.50	655/ 10.03.2025

ज्ञातव्य हो कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि चयन के बिन्दु पर मुख्य सचिव, बिहार का पत्रांक–281 दिनांक–08.01.2024 की कंडिका–(ii) में उल्लेखित है कि ''यदि गैरमजरूआ आम या गैरमजरूआ खास जमीन उपलब्ध न हो तो अन्य सरकारी विभागों की उन पंचायतों में उपलब्ध भूमि को चिह्नित कर भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई की जाए।''

उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–359(6)/रा० दिनांक–19.05.2014 तथा पत्रांक–82(6)/रा० दिनांक–23.01.2015 में प्रावधानित है कि राज्य सरकार के विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 03 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि अंतर्विभागीय निःशुल्क हस्तांतरण के पूर्व भू–स्वामित्व रखने वाले विभाग (सरकारी विभाग) से सहमति प्राप्त होने के उपरान्त समाहर्त्ता स्तर से निःशुल्क हस्तांतरण किया जा सकेगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–04.02.2025 को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति से संबंधित बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक–2459 दिनांक–11.02.2025 के कंडिका 2 I (g) के माध्यम से निदेशित

किया गया है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु अन्तर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के मामले में जिला पदाधिकारी अपने स्तर से भूमि हस्तांतरण कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराते हुए विभाग स्तर से हस्तांतरण की कार्रवाई हेतु पंचायती राज विभाग को प्रतिवेदित करेंगे ताकि संबंधित विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से समन्वय स्थापित कर विभागीय भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई की जाएगी।

अतएव प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति देने के बिन्दु पर अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4987**पं०रा० पटना, दिनांक**08/4**/2025**
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4987**पं०रा० पटना, दिनांक**08/4**/2025**
प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4987**पं०रा० पटना, दिनांक**8/4**/2025**
प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4987**पं०रा० पटना, दिनांक**08/4**/2025**
प्रतिलिपिः– आई०टी०मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(आनन्द शर्मा) 03/04
निदेशक

(746)



भागलपुर समाहरणालय

(जिला पंचायत राज कार्यालय, भागलपुर)

E-mail ID- panchyatiraj.bgp.bih@gmail.com

बिहार सरकार

1324 MAR 2025

पत्रांक :- 655 /पं0रा0

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
भागलपुर।

सेवा में,

सचिव,
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

सचिव
पंचायती राज विभाग
गोपनीय कोषांग
ई-ऑफिस डायरी सं0 3836583
तिथि 17-03-2025

भागलपुर, दिनांकः- 10.03.25

विषयः- पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु स्थल से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में।

JS (NH) महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु स्थल का चयन किया गया था। निम्न स्थलों पर अनापत्ति प्रमाण पत्र अप्राप्त होने के कारण निर्माण कार्य लंबित है। इसकी विवरणी निम्नवत् है–

क्रo	अनुमंडल	प्रखंड	पंचायत	स्थल का विवरण					संबंधित विभाग
				मौजा	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा नं0	रकवा ए0/डी0	
1	सदर*	नाथनगर	नुरपुर	करैला	317	64	11	0.50	धार्मिक न्यास बोर्ड,
2	कहलगाँव	कहलगाँव	ओगरी	खुटहरी	528	4	125, 126	27.335/ 22.665	गंगा पम्प नहर/सिंचाई विभाग
			सलेमपुर सैनी	जोलारायानपुर	285	142	177	0.50	शिक्षा विभाग

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि वर्णित स्थलों का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

जिला पदाधिकारी
भागलपुर

17/3/25